






हिन्दी मासिक

# माली सैनी सन्देश

जोधपुर

निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता

वर्ष : 8 • अंक 114 • दिसम्बर- 2014 • मूल्य : 150/- वार्षिक









गहलोत परिवार द्वारा आयोजित भागवत कथा में उमड़ा समाज इस अवसर पर संत श्री रामप्रसाद जी महाराज माली सैनी संदेश द्वारा प्रकाशित समाज के नव वर्ष 2015 के कलैण्डर का लोकार्पण करते हुए

# सरदार शहर में सूरज पब्लिक स्कूल के उद्‌घाटन समारोह की झलकियां












RAJHIN 16445/20/1/2013-TC

# माली सैनी सन्देश

● वर्ष : 8 ● अंक 114 ● 25 दिसम्बर, 2014 ●मूल्य : 150/- वार्षिक


**सम्पादक मण्डल**

**संरक्षक :**



**श्रीमान रमेशचंद्र कच्छवाहा**
(अध्यक्ष, जोधपुर ठेकेदार ऐसोसियेशन)
(अध्यक्ष, माली सैनी समाज सेवा समिति)

**सह संरक्षक:**



**श्री ब्रह्मसिंह चौहान**
(पूर्व पार्षद)

**प्रेस फोटोग्राफर**

**जगदीश देवड़ा**
(रितू स्टूडियों मो. 94149 14846)

**मार्केटिंग इंचार्ज**

**रामेश्वर गहलोत**
(मो. 94146 02415)

**कम्प्यूटर**

**इरशाद ग्राफिक्स, जोधपुर**
(मो. 7737651040)

पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ सम्पादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है। सभी प्रसंगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।


## इस अंक में

आवरण कथा

## माली सैनी समाज ने किया महात्मा फूले का नमन




- माली सैनी समाज ने किया महात्मा फूले का नमन
- संत श्री रामप्रसाद जी महाराज ने समाज के
- नव वर्ष 2015 के कलैण्डर का किया लोकार्पण
- आगे बढ़ने में अंग्रेजी भाषा का ज्ञान जरूरी: श्री गहलोत
- भाजपा की नीतियों से हर वर्ग दुखी: श्री अशोक गहलोत
- शहीद पांचूराम की देह पंचतत्व में लीन
- अब वेबासाइट से बनेंगे शादियों के योग
- मूर्ति उनकी लगती है जिनका योगदान देश के लिए होता है - श्री गहलोत
- शिक्षा से ही समाज की प्रतिभाएं बढ़ रही है आगे: श्री कच्छवाहा
- माली सैनी समाज की कार्यकारिणी गठित सांखला अध्यक्ष मनोनीत
- खरी खरी...
- महर्षि दयानन्द सरस्वती एक्युप्रेशर
- सेवा केन्द्र का उद्घाटन
- चार जोड़े बंधे परिणय सूत्र में
- श्री गणेश आयरन एजेन्सी का उद्घाटन
- निहत्थे ही लुटेरों से भिड़ गई समाज की होनहार महिला किरण
- जोधपुर स्थित काला गौरा भैरूजी मंदिर में आर्कषक फूलमंडली
- अजमेर मे निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन 21 अप्रेल 2015 को
- जयपुर में समाज की डॉयरेक्टरी के प्रकाशन अतिशीघ्र
- नवजीवन संस्थान में नए परिवार के साथ खुश हैं हमारे बुजुर्ग

# सम्पादक की कलम से ...



बंधुओं! हमारे जीवन की महानता इसी में है कि सब मिलकर श्रेष्ठ समाज का निर्माण करें। हमें वर्तमान समय के अनुसार सामाजिक प्रगति तथा सुव्यवस्था पर ध्यान देना चाहिए। हमारे स्वभाव में सेवा भाव, सरल स्वथाव, स्वावलम्बन, मानवता, प्रभु भक्ति और सर्वे कल्याणी नीति समाहित करें। इन्हीं सद्गुणों को लेकर हमारा समाज कई अपेक्षाएं रखता है। हम मर्यादाओं का ध्यान रखते हुए और व्यवाहारिक जीवन से समाज का चहुँमुखी विकास करें। सामाजिक समरसता की भावना से सहयोग, भाईचारा, सुख-शांति और सज्जनता का मार्ग अपनाएँ।

समाज में ना समझ, अशिक्षित, अहंकारी, झूठे लोग समाज के प्रति उपेक्षा की भावनाओं से ग्रस्त है। मतलब सिद्ध करना तथा लोगों को गुमराह करके समाज की एकता में फूट डालना ही उपेक्षावृत्ति कहलाती है। उपेक्षावृत्ति के लोगों में नीति, धर्म और सदाचार के गुणों का अभाव होता है। यही वजह है कि हम समाजोत्थान का सपना पूरा नहीं कर पा रहे है। हमारे समाज की अपेक्षाएं है कि दूरदर्शिता एवं पारदर्शिता परस्पर विश्वास और ईमानदारी से समस्याओं का निदान खोजें, शिक्षा का प्रसार हो, व्यवसायिक प्रगति हो, सामाजिक कुरीतियाँ मिटे और हर परिवार सुख-शांति का जीवन निर्वाह करे। लेकिन उपेक्षा की नीति रखने वाले टाँग खिचाई में पीछे नहीं रहते। परिणाम यह होता है कि आशाएँ निराशा में बदल जाति है।

समाज के भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए और भावी पीढ़ी के सुख के लिए निर्धारित अपेक्षाओं की पूर्ति के लिए हमें खरा उतरना होगा। विडम्बना तो यह है कि आज सज्जनों और सेवाभावी, सच्ची बातें करने वाले लोगों का उपहास किया जाता है और दुर्जनों समाज को तोड़ने वाले दुर्जनों को शबासी दी जाती है तथा उन्हें बुद्धिमान माना जाता है। देखा जाता है कि उपेक्षावृत्ति के कई बंधु अमीरी का कृत्रिम स्वांग करते हैं ठाठ-बाट और शान-शौकत का प्रदर्शन करते हैं और स्वयं को समाज का बहुत बड़ा कर्त्ता धर्त्ता बतलाते हैं। इन्हीं लोगों की दोहरी नीति समाज को खाए जा रही है। उपेक्षावृत्ति का त्याग करके सभी लोग समाज की रीति नीति एवं हमारे संतो एवं समाज के महापुरूषों के आदर्शों का पालन करें तो सामाजिक जीवन का आनंद ही आ जाए। हम सामाजिक प्राणी है, समाज की मर्यादित व्यवहार जीवन शैली के अनुसार चलें। कुरीतियें का त्याग करें, बुरे आचरण का त्याग करें ताकि समाज की पवित्रता में चार चाँद लग जाए। सद्वृत्तियों की उपेक्षा करने का अर्थ है अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी मारना।

दसअसल सर्वे एवं सम्पर्क इस बात को उजागर करता है कि सामाजिक चिंतन के लिए अच्छे लोगों का प्रतिशत कम है। लोग अधिकांश रूप में आर्थिक होड़ में आगे बढ़ने के प्रयास में है। कई बंधु समाज सुधार के लिए प्रयास करते है लेकिन समाज के कतिपय नेता जो समाज को जोड़ने की बजाए तोड़ने में ज्यादा विश्वास करते है। हमें ऐसे कतिपय सामाजिक नेताओं का बहिष्कार करना होगा। हमारे समाज में अच्छे व्यक्तियों की कमी नहीं है लेकिन इन कतिपय नेताअें ने उनके कार्यो में सहयोग न करके चट्टान की तरह अवरोध डाल देते है। धन्य है यह लोग जो समाज को तोड़ने का समय निकाल लेते है लेकिन अब हमें इन चट्टानों का तोड़ना होगा। हम हमारी एकता और सामाजिक संगठन को मजबूत बनाए। और यहीं कामनाएं करें कि हमारी एकता और संगठन में कभी कमी नहीं आए। प्रेम और आत्मीयता का यह मंत्र ही समाजपयोगी है। परिस्थितियों को समझें, विचारवान बने, व्यक्तित्व में निखार लाएँ तथा अपने कल्याण के साथ साथ सबके लिए अच्छे स्वास्थ्य, धन और यश की कामना करें एवं भूलकर भी उपेक्षा का ध्यान न लगाएं।

निष्कर्ष यह है कि हमारे मन में सेवा का अधार जितना नि:स्वार्थ होगा, उतना ही अधिक समाज के लोगों की आत्म चेतना में निखाए आएगा। हमारे अहं को दरकिनार करके परहित की भावना ग्रहण करें। जात गंगा की पतित पावनी धारा में प्रवेश करके हम अपने आपको स्वच्छ, शीतल और पवित्र करें तथा स्वेच्छा भाव से समाज सेवा में योगदान करना न भूले।

## सामाजिक अपेक्षाओं की नहीं करें उपेक्षा ...



**मनीष गहलोत**
प्रधान सम्पादक

**जाति समाज से करें प्यार,**
**सुनो सभी जीवणा दीन चार**
**जो नहीं करता समाज से प्यार**
**तो समझो उसका जीवन है बैकार।**

**समाज सेवा है बड़ी , मिलकर कदम बढ़ाओ।**
**नर हो या नारी, माली सैनी समाज का सुखी**
**हो हर परिवार विनती करता है**
**माली सैनी सदेश परिवार।**

### महात्मा ज्योति बा फूले की 124वीं पुण्यतिथी

# माली सैनी समाज ने किया महात्मा फूले का नमन



**जोधपुर।** महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान की ओर से शुक्रवार को फुले की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर फुले पार्क महामन्दिर पर पुष्पांजलि समारोह हुआ। कार्यक्रम में सांसद गजेंद्रसिंह शेखावत, महापौर धनश्याम ओझा, राष्ट्रीय संस्थान शाखा जोधपुर की अध्यक्षा प्रेमलता परिहार आदि ने महात्मा ज्योतिबा के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में साहिबराम गहलोत, देवीचंद देवड़ा, मदनलाल सांखला, नंदकिशोर, कालूसिंह गहलोत, बालचंद सांखला, जेडीए के पूर्व चेयरमैन राजेंद्रसिंह सोंलकी, उम्मेदसिंह टाक, गणपतसिंह चौहान, मनीष गहलोत, शैलजा परिहार, मयंक देवड़ा, अरविंद गहलोत सहित आंबेडकर संस्थान के पदाधिकारी, लॉयंस व लायनेस क्लब मंडोर के सदस्य, माली संस्थान बहुप्रतियोगी प्रशिक्षण संस्थान व सुमेर शिक्षण संस्थान के विद्यार्थी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे। अखिल भारतीय महात्मा फुले समता परिषद की ओर से भी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर जयंत सांखला, नरेंद्रसिंह कच्छवाह, रणजीतसिंह, मेगाराम परिहार, देवी भील, किशनसिंह पंवार, अक्षयपाल सिंह, अजयपाल सिंह, जुबिन सांखला सहित अन्य लोग मौजूद थे।

**अजमेर।** क्लब चौराहा स्थित ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर सैनी समाज कल्याण संस्था के सचिव मोती सिंह सैनी के नेतृत्व में उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर कंवर लाल सोलंकी, मोती सिंह, लक्ष्मीनारायण सिंगोदिया, चांदमल टाक, ओपी सैनी, बसंत कच्छावा सहित अन्य लोग मौजूद थे। ऑल इंडिया ओबीसी रेल्वे एम्पलाइज एसोसिएशन वेस्टर्न रेल्वे के पदाधिकारियों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। एसोसिएशन के सचिव देवी सिंह रावत ने बताया कि इस मौके पर पूरणमल राजोरिया, कन्हैया लाल तुन्दवाल, ओपी यादव सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। महात्मा ज्योति बा फुले राष्ट्रीय संस्थान प्रगति केंद्र जिला अजमेर के तत्वावधन में महात्मा ज्योतिबा फुले सर्किल पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। लोगों ने उनके बताए मार्ग एवं सिद्धांतों पर चलने का प्रण लिया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में संस्थान अध्यक्ष मेवालाल जादम, रवि शंकर, मनोहर लाल भाटी, प्रदीप कच्छावा, बलबीर सिंह, राजेश चौहान, महेंद्र कुमार बजरंग लाल सैनी सहित अन्य संस्थान पदाधिकारी मौजूद थे। अखिल भारतीय महात्मा फुले समता परिषद के अध्यक्ष पूनम चंद के नेतृत्व में पुष्पांजलि दी गई।

**पुष्कर।** जागृति मंच के तत्वावधान में वीआईपी रोड जागृति मंच कार्यालय में महात्मा ज्योति बा फुले की 124वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर अध्यक्ष नितेश गहलोत की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में जागृति मंच के उपाध्यक्ष यतेन्द्र सिंगोदिया, महामंत्री अजय सैनी, कोषाध्यक्ष सुखदेव मारोठिया, प्रचार मंत्री सूरज दग्दी, मंत्री सुखाराम मास्टर, समाज सेवी जगदीश कुर्डिया, धनश्याम सतरावला, विनोद दग्दी, क्षेत्रफल भाटी आदि उपस्थित रहे।

**जैसलमेर।** महात्मा ज्योतिबा फूले की पुण्यतिथि महात्मा ज्योतिबा फूले जागृति मंच द्वारा मनाई गई। मंच के जिलाध्यक्ष मेघराज परिहार ने बताया कि फूले की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर जागृति मंच के प्रदेशाध्यक्ष शंकरलाल माली ने बताया कि महात्मा एक विद्वान महान व्यक्ति थे। उन्होंने शिक्षा का प्रचार प्रसार कर शिक्षा में जागृति पैदा की। इस अवसर पर पूर्व सरपंच देवकाराम माली, जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष रावताराम पंवार, प्रदेशाध्यक्ष शंकरलाल माली एवं जागृति मंच के पदाधिकारी ने पिछले नगर परिषद का आभार प्रकट किया जिसमें जवाहर आवासीय कॉलोनी में पार्क का नाम महात्मा ज्योतिबा फुले का नाम रखा गया।

**पाली।** महात्मा ज्योतिबा फुले की 125वीं पूण्यतिथि शुक्रवार को मनाई गई। इस दौरान बड़ी संख्या में जन प्रतिनिधियों व राजनेताओं ने पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर माल्यर्पण किया तथा दो मिन्ट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय जागृति मंच के अध्यक्ष मोतीबाबा फुले ने बताया कि



अलवर में




भीलवाड़ा



पाली

सुबह बांगड़ कॉलेज के सामने स्थित फुले की प्रतिमा को विधायक ज्ञानचंद पारख, नगर परिषद चेयरमैन महेन्द्र बोहरा सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने माल्यर्पण कर नमन किया। इस मौके पर विधायक पारख ने ज्योतिबा फुले के बताए रास्ते पर चलने के आह्वान किया।


बांदीकुई में आयोजित निबंध प्रतियोगिता

**अलवर।** महात्मा ज्योति राव फुले दर्शन संस्थान की ओर से शुक्रवार को फुले की पुण्यतिथि पर नयाबास-मनुमार्ग रोड सर्किल पर सुबह दस बजे से कार्यक्रम आयोजित हुआ। संस्थान के अध्यक्ष मामराज सैनी ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्रोफेसर सीएल योगी ने कहा कि फुले दलित एवं महिला शिक्षा के प्रबल समर्थक थे। मुख्य वक्ता पॉलिटेक्निक कॉलेज, बारां के प्राचार्य निरंजन सिंह ने उन्हें समाज के कमजोर वर्ग का मुक्तिदाता बताया। संस्थान के अध्यक्ष मामराज सैनी ने कहा कि नवजागरण काल में उनकी भूमिका वर्ग भेद मिटाकर समाज को एकजूट करने की रही।

**बीकानेर।** ज्योति बा फूले की 124वीं पुण्य तिथि के मौके पर शुक्रवार को आचार्यो के चौक में कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रो. अशोक आचार्य ने कहा कि ज्योतिबा फूले ने सदैव नारी शिक्षा को महत्त्व दिया एवं अस्पृश्यता निवारण के लिए कार्य किए। उन्होंने अनाथ बच्चों के लिए अनाथ आलय का निर्माण करवाकर उनके जीवन को नई रोशनी दी। पंकज व्यास ने फूले के जीवन से प्रेरणा लेन की बात कही। नवनीत आचार्य ने कहा कि फूले ने छुआ-छूत के खिलाफ जागृति पैदा की। कार्यक्रम में रवि आचार्य, बजरंग गहलोत, विकास माली, उपेन्द्र शर्मा, नरेन्द्र, शांतिलाल, जयकिशन मारू, मनीष व्यास आदि ने विचार प्रकट किए।

**बीकानेर।** माली सैनिक क्षत्रिय सभा भवर, गंगाशहर रोड में शुक्रवार को महात्मा ज्योतिबा फूले की 124वीं पुण्यतिथि का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पार्षद राजेंद्र पंवार, नंदू गहलोत, परमानंद गहलोत, भावना गहलोत, पंकज गहलोत, विमला गहलोत, शंभू गहलोत, बीकानेर माली सैनिक क्षत्रिय सभा भवन के अध्यक्ष तेज रतन भाटी, कोषाध्यक्ष दिनेश कच्छावा, सचिव मुरली गहलोत, जय ज्योतिबा संवा संस्थान के संरक्षक निहालसिंह सैनी, अध्यक्ष कैलाश गहलोत, महात्मा ज्योतिबा फूले राष्ट्रीय मंच के जिलाध्यक्ष देवकिशन गहलोत आदि ने महात्मा ज्योतिबा फूले व माता सावित्री बाई फूले की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित की। दूसरी ओर नगर निगम भंडार कर्मियों ने महात्मा ज्योतिबा फूले पुण्यतिथि पर गोष्ठी का अर्पित किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षत राजस्थान सफाई कर्मचारी सटाफ के प्रांतीय उपाध्यक्ष रतनलाल की। मुख्य अतिथ सफाई शिवलाल तेजी ने कहा कि सामाजिक क्रांति के अग्रदूत जनक थे। उन्होंने दलितों उत्थान में अपना महत्वपूर्ण था जिसे भूलाया नहीं जा सकता।

**बांदीकुई।** सावित्री बाई फुले सामाजिक एवं शैक्षिक विकास संस्थान ज्ञान प्रतियोगिता सैनी एवीएम मुख्य भवन व सैनी बालिका, सैनी आदर्श विद्या मंदिर नवीन भवन, पंचमुखी, सरस्वती शिक्षा निकेतन जागीर बांदीकुई व क्षेत्रीय गांधी आदर्श विद्या मंदिर नंदेरा पर हुई। प्रतियोगिता में कक्षा 8 से 12वीं तक के करीब 650 छात्र-छात्रओं ने भाग लिया। प्रथम 10 स्थान प्राप्त करने वाले प्रतियोगियों को 10 ग्राम चांदी का सिक्का, 60 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त करने वालों को 10 मार्च को सावित्री बाई फुले की पुण्यतिथि पर सम्मानित किया जाएगा। इसी प्रकार महात्मा ज्योतिबा फूले सामाजिक एवं शैक्षणिक विकास संस्थान की ओर से बडियाल रोड पर पुण्य तिथि मनाई गई। कार्यक्रम में बौद्धाचार्य रामस्वरूप आचार्य मोतीपुरा व शंभूदयाल गुरूजी ने महात्माजी के चित्र के समक्ष दीप जलाया। संस्थान के अध्यक्ष डॉ. प्रकाश डाला।

**जालोर।** माली समाज सेवा संस्थान जालोर की ओर से महात्मा ज्योति बा फूले की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भभूताराम सोलंकी ने कहा कि ज्योति बा फूले का जीवन गरीबों, अशिक्षितों व पिछड़ों के उत्थान के लिए समर्पित रहा है। जिसके कारण ही उन्हें महात्मा की उपाधि से नवाजा गया। उन्होंने कहा कि फूले ने अपनी पत्नी के माध्यम से महिला शिक्षा के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट कार्य किए। उन्होंने लोगों से फूले की अच्छाईयों को जीवन में ग्रहण करने का आव्हान किया। संस्थान अध्यक्ष सांवलाराम सांखला ने फूले के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को मंत्री नारायण सोलंकी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने फूले की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस अवसर पर ओटाराम सोलंकी, माधाराम सोलंकी, मांगीलाल सांखला, मोहनलाल सांखला, मंगलाराम गहलोत, गणपतलाल चतुराराम सहित माली समाज के लोग उपस्थित थे।

**भीलवाड़ा।** महात्मा ज्योतिबा फूले समाज में शैक्षणिक क्रांति लाने के साथ ही महिला शिक्षा के प्रबल समर्थक थे। महात्मा फूले के प्रयासों से बालिका शिक्षा का विकास संभव हो सका है। उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाते हुए उनका अनुसरण करना चाहिए। यह विचार फूले सेवा संस्थान के अध्यक्ष गोपाललाल माली ने महात्मा ज्योतिबा फूले की 124वी पुण्यतिथि पर महात्मा ज्योतिबा फूले मूर्ति प्रांगण में फूले सेवा संस्थान के तत्वावधान में आयोजित श्रद्धांजलि सभा एवं विचार गोष्ठी में कहे। उन्होंने आज की युवा पीढ़ी से समाज में व्याप्त बुराईयों को जड़ से मिटाने का भी आव्हान किया।

इस अवसर पर विचार गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए सेवानिवृत सहायक आयुक्त शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के डॉ. दीपचंद सोलंकी ने महात्मा फूले द्वारा पिछडो के उत्थान पर दिये गये योगदान पर बल देते हुए कहा कि हमें आपसी मतभेद बुलाकर विकास और उत्थान पर ध्यान देना चाहिए। महात्मा फुले हमारे प्रेरणा स्त्रोत है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यूनेस्को के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष श्याम बनवाड़ी थे। भीलवाड़ा माली समाज के अध्यक्ष बंशीलाल माली ने समाज के लोगों से आव्हान किया कि वे ग्रामीण क्षेत्रों में एवं विशेषकर महिला शिक्षा को बढ़ावा देकर समाज के लिए ज्यादा से ज्यादा रोजगार के साधनों का निर्माण करें तभी सच्चे मायने में महात्मा ज्योतिबा फूले की आत्मा को शांति मिल पायेगी। कार्यक्रम से पूर्व फूले के सभी अनुयायियों ने महात्मा फूले की प्रतिमा के समक्ष श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस अवसर पर फूले सेवा संस्थान के सचिव शोभालाल माली, गणेश गहलोत, भगत प्रजापत, संपत बुलिवाल, सत्यनारायण डाबला, जगदीशचन्द्र माली, षंभु प्रसाद माली, नारू लाल, नानूराम गोयल, देवालाल गढ़वाल, भैरूलाल माली, लादूलाल तुनगरिया, श्यामलाल मोरी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# संत श्री रामप्रसाद जी महाराज ने समाज के नव वर्ष 2015 के कलैण्डर का किया लोकार्पण




जोधपुर। बड़ा राम जोधपुर के संत श्री रामप्रसाद जी महाराज ने माली समाज के 2015 के बहुरंगीय कलैंडर का लोकार्पण आज खेमें का कुंआ में हुई रामकथा के पूर्णाआहुति के अवसर पर किया गया। कथा आयोजक श्री बाबूलाल गहलोत ने बताया कि संत श्री रामप्रसाद जी महाराज के मुखारबिंद से पिछले सात दिवस से अयोजित कथा में क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने रस्वादन किया किया।

आज कथा के समापन पर माली सैनी संदेश द्वारा प्रकाशित माली समाज के वर्ष 2015 के कलैंडर लोर्कापण के अवसर पर रामदेवरा धर्मशाला के अध्यक्ष श्री रामचंद्र सोलंकी, नवजीवन संस्थान के श्री राजेन्द्र सिंह परिहार, माली सैनी समाज सेवा सदन पुष्कर के अध्यक्ष श्री ऊंकारराम कच्छवाहा, राजसीको के पूर्व अध्यक्ष श्री सुनिल परिहार सहित समाज के अनेकों गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। माली सैनी संदेश के संपादक ने बताया कि इस कलैण्डर में विशेषकर समाज की कुलदेवियों व उनके स्थान की जानकारी भी दी गई है। इस अवसर पर आयोजकों द्वारा सभी अतिथियों का माल्यार्पण एवं शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया गया।

## गहलोत परिवार द्वारा आयोजित भागवत कथा की झलकियां











## पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने नवनिर्मित सूरज पब्लिक स्कूल का किया उद्घाटन

# आगे बढ़ने में अंग्रेजी भाषा का ज्ञान जरूरी: श्री गहलोत

सरदारशहर। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि वर्तमान में प्रतिस्पर्धा के युग में छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ने के लिए अंग्रेजी भाषा का ज्ञान होना जरूरी है। हिंदी भाषा से बच्चों को संस्कारवान बनाया जा सकता है, वहीं अंग्रेजी का महत्व भी बढ़ा है।

वे गुरूवार को यहां सूरज ग्रुप द्वारा नवनिर्मित सूरज पब्लिक स्कूल के लोकार्पण समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सरदारशहर शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी रहा है। यहां 1950 में गांधीजी के सिद्धांतों पर गांधी विद्या मंदिर की स्थापना हुई थी। स्व. रावतमल सैनी ने भी उस वक्त ही यहां अंग्रेजी स्कूल की स्थापना करने का स्वप्न देखा था, जिसे उसके पुत्र शिवभगवान ने पूरा करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि इस स्कूल में शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों पर विशेष ध्यान रखा जाए। समारोह के विशिष्ठ अतिथि पूर्व शिक्षा मंत्री मास्टर भंवरलाल मेघवाल ने कहा कि इस संस्थान में बच्चों के सर्वागीण विकास पर काम होना चाहिए। समारोह को विधायक पं. भंवरलाल शर्मा, राज्य सभा सांसद श्री अश्कअली टाक, श्री नरेंद्र बुडानिया, श्री आशाराम सैनी ने भी संबोधित किया। सीताराम सैनी की अध्यक्षता में हुए समारोह के विशिष्ट अतिथि समाज सेवी श्री गोपाल गहलोत, पूर्व विधायक श्री मकबूल मंडेलिया, श्रीमती कृष्ण पूनिया, श्री नंदलाल पूनिया, चौमू के पूर्व विधायक श्री भगवानसहाय सैनी, सादुलपुर के पूर्व विधायक श्री इंद्रसिंह पूनिया सहित अनेकों समाजसेवी एवं राजनेता उपस्थित थे।





**इन्होंने किया स्वागत :** मोती गहलोत, किशनकुमार सिंगोदिया, सत्यनारायण, मोहन पंवार, पालिकाध्यक्ष तारादेवी जोशी। प्रारंभ में गहलोत ने स्कूल के नवनिर्मित भवन का लोकर्पण किया। बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। निदेशिका आरजू सैनी ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। संचालन अशोक भोजक ने किया।

परमेश्वरलाल, शिवभगवान, बाबूलाल, मुरलीधर, रामस्वरूप, बद्रीप्रसाद, किशनलाल, रघुनंदन सैनी, पवन सैनी, गायत्री देवी, सुमनदेवी, मोनिकादेवी, माणकदेवी, राजकुमार कम्मा, प्रकाश सैनी, मदनलाल माला, विनोद जांगलवा, हंसराज मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अतिथियों का साफा पहनकार ओढ़ाकर व प्रतीक चिह्न भेंट किया।

**भजन प्रस्तुतियों ने मन मोहा :** बीकानेर रोड पर सूरज पब्लिक स्कूल के लोकार्पण की पूर्व संध्या पर सूरज मैरिज बुधवार रात हुए संगीत कार्यक्रम में भजनों की प्रस्तुतियों ने मन मोह लिया। गणेश कार्यक्रम की शुरूआत करने वाले कलाकर प्रकाश माली की प्रस्तुतियों को सुनने सर्दी की अधिकता के बावजूद बड़ी संख्या में उपस्थित लोग देर रात तक डटे रहे भजन संध्या में विधायक भंवरलाल शर्मा, पंस प्रधान मनोहरी देवी शर्मा, उपप्रधान ताराचंद सारा एडवोकेट माणकचंद भाटी, रतनलाल, इंद्राज सारण, श्रीचंद करणानी, गौरीशंकर मधूसुदन राजपुरोहित, पन्नालाल डागा, महेश शर्मा, सुरेश वर्मा, राजीव व्यास, सपन नीरज माटोलिया आदि उपस्थित थे।

**गेस्ट हाउस का उद्घाटन :** दूगड़ विद्यालय रोड़ तेरापंथ भवन के सामने नव निर्मित सूरज गेस्ट हाउस का शुभारंभ गुरूवार को विधायक पं. भंवरलाल शर्मा व सीताराम सैनी ने किया। शिवभगवान ने अतिथियों का स्वागत किया।






### नरहड़ के निकट प्रहलादराम सैनी की प्रतिमा अनावरण एवं किसान सम्मेलन

# भाजपा की नीतियों से हर वर्ग दुखी: श्री अशोक गहलोत

चिड़ावा। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि भाजपा सरकार की सोच और नीतियां किसान, मजदूर और जन विरोधी हैं। प्रदेश का हर वर्ग इस सरकार से परेशान है।

वे शुक्रवार को नरहड़ की प्रहलाद माली ढाणी में सामाजिक कार्यकर्ता प्रहलादराम सैनी की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद किसान सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। गहलोत ने कहा कि इतना ज्याद बहुमत मिलने के बाद मुख्यमंत्री को दूगने उत्साह से जनता की सेवा करनी चाहिए थी। लेकिन इसके उलट वे प्रदेशवासियों से अपनी पिछली हार का बदला लेने की भावना से कामकर रही हैं। सरकार बनाते ही किसानों के ऋण पर ब्याज लगा दिया। पुलिस के पहरे में यूरिया बंटता है। सौर ऊर्जा एवं अन्य कृषि यंत्रों पर सब्सिडी घटा दी गई।

चारधाम तीर्थ यात्रा व वृद्धावस्था पेंशन जैसी योजनाओं को रोक दिया गया। उत्तराखंड त्रासदी में मरे प्रदेश के 511 लोगों के अश्रितों को सरकारी नौकरी लगाने के आदेश पर भी रोक लगा दी गई हैं। उन्होंने लोगों से विधानसभा उपचुनाव की तरह पंचायतीराज चुनाव में भी भाजपा को सबक सिखाने को कहा।

उन्होंने स्व. सैनी की स्मृति में उनके पुत्रों सतीश, सुरेश, सुरेंद्र सैनी के बनाए संस्थान के उद्देश्य व जनहितकारी गतिविधियों को प्रेरक बताया। कार्यक्रम के अध्यक्ष पीसीसी के पूर्व चीफ डॉ. चंद्रभान ने प्रधानमंत्री वसुंधरा राजे पर जमीन के कारोबारियों को प्रोत्साहन देने का आरोप लगाया। गहलोत और चंद्रभान ने स्व. प्रहलादराम की पत्नी भगवतीदेवी और मूर्तिकार मातूराम वर्मा का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। पूर्व मंत्री डॉ. जितेन्द्रसिंह, आरटीडीसी के पूर्व चेयरमैन रणदीप धनखड़, नांवा के पूर्व विधायक महेंद्र झाझरिया, नांवा के पूर्व विधायक प्रतिभासिंह, विनोद पूनिया, जिला कांग्रेस प्रवक्ता मुरारीलाल सैनी समेत कांग्रेस के अनेक पदाधिकारियों व जनप्रतिधियों ने भाग लिया।

# शहीद पांचूराम की देह पंचतत्व में लीन





4 दिसंबर, पीलवा। छतीसगढ़ राज्य के चिंतागुफा इलाके में नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में शहीद हुए सीआपीएफ के हवलदार पांचूराम सैनी की बुधवार को परबतसर उपखंड के ग्राम पीह स्थित बड़लिया की ढ़ाणी में गमगीन माहौल में राजकीय सम्मान के साथ अंत्येष्टि की गई। पीह में अल सुबह से ही पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों सहित आस-पास के गावों से बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचने लगे। सुबह 10 बजे शहीद पांचूराम का पार्थिव देह गांव पहुंचा तो माहौल गमगीन हो गया। पार्थिव देह देखते ही परिजनों की रूलाई फूट पड़ी। शहीद के वृद्ध पिता श्री रामलाल, माता श्रीमती मूलीदेवी, वीरांगना सरोज व बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। वीरांगना सरोज, पुत्र घनश्याम, पवन व पुत्री कोमल इस दौरान कई बार बेहोश हो गए। जिन्हें परिजनों ने संभालने का प्रयास किया। घर पर अंतिम दर्शन के बाद सीआरपीएफ के जवानों ने जांबाज शहीद पांचूराम माली को पक्तिंबद्ध होकर आगे चलते हुए धीमे धीमे लयबद्ध कदमों से चलते हुए अंतिम संस्कार स्थल तक पहुंचाया। जहां राजस्थान पुलिस व सीआपपीएफ व प्रशासन के अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने पुष्पचक्र अर्पित कर शहादत को सलाम किया। इस दौरान सीआरपीएफ व पुलिस के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इसके बाद शहीद पांचूराम माली के पुत्र घनश्याम व पवन ने मुखाग्नि दी।

चिंता यह है कि सरकारी मदद मिले तो बच्चों को पढ़ाऊं -

नागौर गांव के पीह शहीद पांचूराम की पत्नी सरोज देवी कहती है कि सुना है सरकारी घोषणाएं पुरी होने में समय लगता है। सरकार को जो देना है, एक बार में दे दे ताकि बच्चों की अच्छी शिक्षा दे सकूं। शहीद पांचूराम के दो बेटे व एक बिटिया है।

## भूल सुधार



माली सैनी संदेश पत्रिका के नवम्बर अंक में जोधपुर के नवनिर्वाचित पार्षदों की सूचि में त्रुटि वश **श्रीमती वंदना सांखला** का नाम नहीं छप सका जो कि वार्ड नं. 42 से विजयी हुई है। इसके लिए संपादक मण्डल क्षमा चाहता है।

श्रीमती वंदना सांखला को चुनाव में विजयश्री प्राप्त करने पर हार्दिक बधाई व मंगलकामनाएं।

धन्यवाद

संपादक

## डीडवाना में हुआ समाजसेवी स्व. श्री सुंडाराम की प्रतिमा का अनावरण

# मूर्ति उनकी लगती है जिनका योगदान देश के लिए होता है - श्री गहलोत





डीडवाना। मूर्ति उनकी लगती है जिनका सम्मान देश व राष्ट्रहित के लिए कुछ न कुछ योगदान रहा हो। मूर्तियां इसलिए भी लगाई जाती है उनको देखने वाले उनके काम को जान पाते है और उनसे प्रेरणा लेकर कुछ अलग से सोच बनाकर देश व समाज को नई दिशा में योगदान देत है।

यह बात माली सैनी समाज के गौरव व पूर्व मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने लाडनूं रोड़ पर प्रसून फिलिंग स्टेशन पर बुधवार, 24 दिसम्बर को समाज सेवी स्वर्गीय श्री सुंडाराम पंवार के मूर्ति अनावरण समारोह के दौरान कही।

श्री गहलोत ने कहा कि एक सामान्य परिवार में जन्में स्वर्गीय श्री सुंडाराम केवल साक्षर थे और उन्होंने अपने पूरे परिवार को शिक्षित बनाया एवं इस योग्य बना दिया कि वे सभी समाजहित के लिए कार्य करने की क्षमता रख सकते है। उन्होंने गरीबी के वो दिन देख रखे थे जिसमें एक एक पैसा जुटाकर जमीन खरीदी और वो जमीन समाज हित के लिए भी दी थी।

जिस तरह महात्मा ज्योति बा फूले ने सर्वप्रथम अपनी धर्मपत्नी माता सावित्री बाई को शिक्षिता कर समाज को नई दिशा दी थी। उसी प्रकार सुंडाराम ने भी अपने परिवार को शिक्षित कर समाज को दिशा दी। आज स्वामी विवेकानंद, दयानंद सरस्वती के आदर्शो पर हमें चलना होगा। समाज को सुधारने के लिए बहुत सी बातों का ध्यान रखना पड़ता है।

इस अवसर पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्री महादेव खंडेला, कांग्रेस प्रदेश महामंत्री श्री वैभव गहलोत, ज्योति बा फूले राष्ट्रीय संस्थान के प्रदेशाध्यक्ष श्री मांगीलाल पंवार ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इसके साथ ही महात्मा फूले राष्ट्रीय जागृति मंच के अध्यक्ष श्री मोतीलाल सांखला, अखिल भारतीय माली सैनी संस्थान पुष्कर के अध्यक्ष श्री ऊंकारराम कच्छवाहा, नागौर माली समाज के श्री कृपाराम सोलंकी, पूर्व विधायक श्री भगवान सहाय सैनी, श्री नाथूराम सिघोंदिया, श्री आसाराम सैनी, आदि विशिष्ट अतिथियों ने भी कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि के रूप में अपनी उपस्थित दर्ज कराई।

वक्ताओं ने अपने भाषण में स्व. श्री सुंडाराम के द्वारा किये गये कार्यो की मुक्तकंठ से प्रशंसा की साथ ही कहा कि जिस तरह महात्मा ज्योति बा फूले ने शिक्षा के क्षेत्र में अपने परिवार से ही सर्वप्रथम अपनी पत्नी को शिक्षित कर समाज को नई दिशा दी उसी प्रकार समाज के महापुरूषों ने समय समय पर समाज हित के लिए अनुकरणीय कार्य कर समाज को आगे बढ़ाने के लिए अनेकों प्रयास किये हमें उन प्रयासों का अपनाते हुए आने वाली पीढ़ी को इन महापुरूषों के कार्यो की जानकारी प्रदान कर उन्हें भी इन कार्यो को अपनाने के लिए प्रेरित करना होगा।

इस अवसर पर श्री सुंडाराम के परिवार से श्री मांगीलाल पंवार, श्री बन्नाराम पंवार, श्री चेनाराम पंवार सहित परिवार के सभी सदस्यों ने आंगतुकों का स्वागत किया। समारोह में प्रदेश के विभिन्न भागों से हजारों किसान बंधुओं ने भाग लिया।





### माली सैनी समाज के समारोह में 150 प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

# शिक्षा से ही समाज की प्रतिभाएं बढ़ रही है आगे: श्री कच्छवाहा



पीपाड़। समाज में शिक्षा की बदौलत कई प्रतिभाओं ने आगे बढ़ते हुए अपना लक्ष्य हासिल किया है तथा सभी लोग शिक्षा के प्रति जागरूक बनकर युवा पीढ़ी को संस्कारवान बनाकर अच्छी शिक्षा दिलवाएं तो समाज में फैला अंधियारा स्वत: ही मिट जाएंगा। यह विचार पूर्व पालिकाध्यक्ष एवं माली समाज के वरिष्ठ समाज सेवी श्री बचनाराम कच्छवाहा ने माली सैनी समाज के तत्वावधान में मालियान सब्जी मंडी प्रांगण में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते प्रकट किए।

इस दौरान माली सैनी सेवा समिति प्रदेश अध्यक्ष श्री ऊंकारराम कच्छवाहा ने भी समाज की प्रमुख गतिविधियों की जानकारी दी। समारोह में पूर्व पालिका अध्यक्ष श्री बाबूलाल टाक माली संस्थान अध्यक्ष श्री हनुमानराम भाटी, भाजपा नेता श्री महेंद्रसिंह कच्छवाहा, फूले जागृति तहसील अध्यक्ष श्री संपतराज सैनी, श्री संपत टाक, श्री बाबूलाल कच्छवाह लोग मौजूद थे। समारोह का संचालन श्री भवानीसिंह कच्छवाहा ने किया।

**प्रतिभाओं का हुआ सम्मान**

सम्मान समारोह में शिक्षा, खेल का आईटी क्षेत्र में अव्वल रहने वाली प्रतिभाओं का स्मृति चिन्ह प्रदान सम्मान किया गया। इस दौरान व 12 विज्ञान वर्ग में राज्य मैरिट में स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा सुधि कच्छवाहा का भी सम्मान किया। समारोह के अंत में कालूराम सांखला के आकस्मिक निधन पर माली समाज के प्रमुखजनों ने दो मिनट का में रखकर उन्हें श्रद्धांजलि भी अर्पित की।

# माली सैनी समाज की कार्यकारिणी गठित सांखला अध्यक्ष मनोनीत

परबतसर। माली (सैनी) समाज सामूहिक विवाह समिति छह गांव (परबतसर, मकराना, बोरावड़, बिदियाद, बड़ू, कालवा) मुख्यालय परबतसर की बैठक रविार को फूल मालियान छात्रावास परबतसर में हुई। बैठक में समिति की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई।

नव नियुक्त अध्यक्ष ओमप्रकाश सांखला ने बताया कि कार्यकारिणी में लक्ष्मीचन्द तंवर, हीरालाल बागड़ी कालवा, शिवकरण इन्दौरा मकराना, सुखदेव सोलंकी मकराना, कानमल बागड़ी परबतसर, भंवरलाल भाटी बोरावड़, हनुमानराम सरपंच परबतसर, सत्यनारायण सिंगोदिया बड़ू, रामप्रसाद तंवर बिदियाद को संरक्षक बनाया गया है।

तिलोक गहलोत बड़ू, मोतीलाल सोलंकी मकराना, रामस्वरूप तुन्दवाल कालवा, गोपीलाल तंवर बोरावड़, रामप्रसाद दग्दी मकराना, कानजी सतरावा बिदियाद, तथा सूरजमल बनस्टिया परबतसर को उपाध्यक्ष बनाया गया। गणपतलाल सोलंकी बोरावड़ महामंत्री, प्रेमप्रकाश दग्दी परबतसर को कोषाध्यक्ष, शंकरलाल टाक परबतसर, बाबूलाल चौहान मकराना, दिनेश तुन्दवाल परबतसर को समिति में प्रवक्ता बनाया गया है। सत्यनारायण दग्दी परबतसर, लादूराम मकराना, ओमप्रकाश सोलंकी मकराना, राधाकिशन इंदोरा मकराना, अमरचंद बोरावड़, गणपत बगेरवाल कालवा, कैलाश तंवर बिदियाद तथा पांचूराम उबाणा को सचिव बनाया गया है। जबकि ओमप्रकाश सोनगरा बड़ू, पूरण भाटी बिदियाद, नारायण गहलोत बड़ू, पवन दग्दी परबतसर, रामकरण तंवर बिदियाद, तुलसीराम दग्दी परबतसर, तुलसीराम सांखला मकराना, भंवरलाल चौहान मकराना, गोविंद भाटी परबतसर, नौरतमल टाक मकराना, फतेहचंद परबतसर, गोरधन सिंगोदिया बोरावड़ तथा ओमप्रकाश परबतसर को संगठन मंत्री बनाया गया है। जबकि मंजू भाटी को महिला अध्यक्ष बनाया गया।

बैठक में अखिल भारतीय माली सैनी समाज पुष्कर के अध्यक्ष ओंकारमल कच्छावा एवं परबतसर माली समाज के अध्यक्ष किशन गोपाल माली ने नवगठित कार्यकारिणी को शपथ दिलवाई।

# खरी खरी . . .

हाल ही मैं राजस्थान में निकॉय चुनाव होया, राजस्थान री प्रमुख पार्टिया समाज रे लोगों रो उतो मान नहीं दियों जितो पहला मिलता हो। मारवाड़ में समाज रे कई लोगा ने टिकट मिल्यों क्या न नहीं मिल्यों। मारवाड़ समाज री प्रमुख संस्था रा नेता सामाज रै मैला में घणी मोटी मोटी बाता करें समाज सुधार रे वास्ते काम करूणी बांता भी करें लेकिन इण चुणावां में इण साहब ने समाज रो बंटा धार करूं नी कोई कोर कसर नहीं राखी। दो-तीन वाक्या तो मनें भी समाज रे लोगा सूं ठा पड़या।

फलोदी में समाज री एक सीट मातें समाज री बुर्जग बाई सा ने टिकट मिल्यों पण इण नेता जी रो कई ठा क्यूं पेट दुख्यों इण बाईसा ने चुणाव नहीं लड़ाउण वास्ते हर तरह रा हथकंडा अपणा ने इण बाईसा ने चुणाव में बैठयां दिया सी। मजां री बात आ कि जिण वार्ड में ऐ बाई सा खड़ा है उण वार्ड में माणें समाज रो वर्चस्व घणों हो कैवें है कि अठै 75 प्रतितश माली वोट हा और इण बाईसा रा नामं पाछों लेवण सूं सामलो बिणा चुनाव लड़या ही जितग्यों नें उठे रेवण वाला समाज रै लोगों में कैवण लाग्या की धाणा घणा वोट होया तो कई से मां थाणा नेता ने जू चावां सू नचवा ने माणे सागे कर ला।

इण समाज रे नेता री एठे ही नहीं बालोतरा सूं भी समाचार आया कि ए नेता जी उठे समाज रो एक भाई सभापति बणतों पण इयाणें जचयों कोणी वें उणेहीज हामी दूसरा समाज बंधु ने खड़ों कर दियो दो समाज बंधुओं री लड़ाई रो मजो तिसरो ले गयों उठे सू समाज री जगह दूजा समाज रा सभापति बण गया नेताजी ने मजो आयों क्योंकि वे आपरे काम कर गया। अठे समाज ने उपसभापति री सीट सू ही राजी होणो पणयों। ऐ नेता जी जठे गयां उठें समाज रा दो टूकड़ा कर दिया। समाज रा लोग अबै जाग्या सी ने कैवण लाग्या कि मा संगला जिणा इण नेताजी रो मान सम्मान बढ़ाओं घणी बार संस्थ रो अध्यक्ष बणायों पण ऐ समाज रे लोगा सूं किण बात रो बदलों ले रिया है।

इण नेतां जी री जठे चव्वनी चले हें मोटा मोटा इण्डस्ट्री वाला और हग्ला मिनख छठे इयाणें कैवें सू चालें (जू ऐ नेता जी केवे है।) उठे ही ए नेता जी समाज री एक महिला ने टिकट दिलायों पण लोगा ने लड़ाउन वाला नेता जी रे वार्ड सू आ महिला हार गई हार इण महिला री नहीं हुई इण नेताजी री हुई है कारण तो जाण ही गया होला आप हगला। मारी इण नेताजी सू अर्ज है जो समाज इण नेता जी रो घणो घणों मान सम्मान कियों इयाणां कया सूं चालयों उण समाज रो ए नेताजी क्यूं पापो काटूणें लाग्या है समाज इयाणों कई बिगाड़यों ऐ क्यू माणे समाज रै लारे लाग्या है कितरा ही चुणाव में ऐ गया जठे जठे गया उठे समाज रो बंटा धार कियो समाज रे भाईया ने लड़ाया ही साथे खुद री पार्टी री भी पैठ खराब की।

इयाणा ने तो जालोर माली समाज सूं सीख लेणी चाहीजे जिणने एक पार्टी रा विधायक धोखा में राख्या तो हगला माली समाज रा उण पार्टी रा नेता इस्तीफा दिया उणाने साथे दूजां लोग भी आग्या। वे लोग उण पार्टी ने खूले आम चुनोती देता हुआ वोटा में उणने वोट कोनीं दियो। उण पार्टी रै मोटा नेता ने ठा पडते ही वे लोग इतरो विरोध करूण वाला रे हागे हार माणी और माणा समाज रे पार्षद ने सभापति बना आपरी गलती सुधारी। आ होए समाज री ताकत माली एक होया तो दूजा भी सागे आया और मारो हीवणों तो घणो राजी हुयो समाज मे कठीतो लोग ऐणा समाज ने बांटेण वाला नेता रे कैणा में नहीं आया।,

मारी ऐणी बाता सू नेता जी ने घणो रीसणो आसी पर में मारी बात उणाने भी कह दी अब मारी हाथ जोड़ अरज है कि वे आपरी गलतिया रो सूधार करे ओर जिणने लणाया उणने पाछां जोडुनों काम कर समाज रे लोगों में बैर भाव खतम कर समाज रो मान बढावण रो काम करे तो समाज माथे एहसाण होसी।

# महर्षि दयानन्द सरस्वती एक्युप्रेशर सेवा केन्द्र का उद्घाटन



